

# 700 किसानों ने दूसरी बार की बोवनी अधिकारी कर रहे नुकसानी का सर्वे

- मानसून की लंबी खेंच के बाद बारिश का बना हुआ है इंतजार

**पानसेमल, (नवभारत)।** क्षेत्र में मानसून के लंबी खेंच के बाद बारिश का इंतजार अब भी बना हुआ है। लंबे समय के बाद भी वर्षा नहीं होने से किसानों सहित आमजनों की चिंता बढ़ने लगी है। वर्षा के पानी से ही सभी वर्गों की आर्थिक सुविधाएं जुड़ी हुई है। खेतों में यदि पानी नहीं होगा तो फसलें आकार नहीं लेगी, कुएं, ट्यूबवेल में जलस्तर भी नीचे चला जाएगा। जिसकी चिंता सभी को सता रही हैं। बारिश के लिए समाज जन तरह तरह के पूजन, हवन, नगर बंद, वरुण देव मंत्र जप सहित टोना-टोटका कर रहे हैं। नगर के धानक मोहल्ला से युवाओं ने पुतला बनाकर शव यात्रा भी निकाली एवं विलाप करते हुए बारिश की कामना की।

शव यात्रा धानक मोहल्ले से लेकर बडपुरा जलगोन रोड, बंजारा टांडा, नया प्लाट, उत्तर गली, मेंन रोड, भोई प्लाट आदि मार्गों से होते हुए नगर के मुक्तिधाम के करीब पुतले के शव का दाह संस्कार किया गया। पार्षद मनोज चौधरी ने कहा कि जून का माह भी खाली गया। वहीं जुलाई में भी बारिश नहीं हुई है। संकट गहराता जा रहा है। जल के बिना जीवन बेकार है यदि जल ही नहीं होगा तो सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाएगी। इसलिए युवाओं द्वारा शव यात्रा निकाली गई और अच्छी बारिश की कामना ईश्वर से की गई। हालांकि सोमवार को शाम 6 बजे बाद नगर सहित क्षेत्र में रिमझिम फुहारों के साथ कुछ समय वर्षा से किसानों को थोड़ी राहत जरूर मिली है।




वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बलराम जमरे ने बताया कि अल्पवर्षा के कारण क्षेत्र के 700 के लगभग किसानों ने वापस से बोवनी की है। जिसमें मक्का सोयाबीन सहित अन्य फसलों के बीजों को लगाया गया है। अभी तक 16 ग्रामों में नुकसानी की जानकारी ली है। जिसके बाद सर्वे प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बलराम जमरे ने बताया कि अल्पवर्षा के कारण क्षेत्र के 700 के लगभग किसानों ने वापस से बोवनी की है। जिसमें मक्का, सोयाबीन व अन्य फसलों के बीजों को लगाया है। अभी तक 16 ग्रामों में नुकसानी की जानकारी ली है। जिसके बाद सर्वे प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# राजपुर विधानसभा में बनेगी 45 करोड़ की सड़क

**बड़वानी, (नवभारत)।** जिले के राजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य सरकार के अनुपूरक बजट 2026-27 में 45 करोड़ रुपए की तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। कांग्रेस का कहना है कि यह मंजूरी विधायक बाला बच्चन की लगातार पहल और क्षेत्र की जरूरतों को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का परिणाम है। स्वीकृत कार्यों में ओझर बाईपास का निर्माण, नांगलवाड़ी से पीपरखेड़ा तक बाईपास तथा नागलवाड़ी-भिलट देव शिखर धाम मार्ग का चौड़ीकरण शामिल है।

इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम होगा, यातायात का दबाव कम होगा तथा धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। लंबे समय से इन मार्गों के उन्नयन की मांग की जा रही थी। नई सड़कें किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा बढ़ाएंगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नानेश चौधरी ने इसे विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा और लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य जल्द शुरू होकर निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा।

### तीन परियोजनाओं पर 45 करोड़ का निवेश

अनुपूरक बजट 2026-27 में राजपुर विधानसभा के लिए तीन सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें 28.20 करोड़ रुपए से ओझर बाईपास का निर्माण होगा, जिससे शहर में यातायात का दबाव कम होगा। 6.85 करोड़ रुपए से नांगलवाड़ी से पीपरखेड़ा तक नया बाईपास बनाया जाएगा, जिससे ग्रामीण सम्पर्क मजबूत होगा। 10 करोड़ रुपए की लागत से नागलवाड़ी-भिलट देव शिखर धाम मार्ग का चौड़ीकरण किया जाएगा। इस मार्ग के विकसित होने से श्रद्धालुओं, किसानों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित तथा सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। कुल स्वीकृत राशि 45 करोड़ रुपए है।

### समग्र विकास को मिलेगी नई दिशा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष नानेश चौधरी ने कहा कि विधायक बाला बच्चन ने क्षेत्र की आवश्यकताओं को लगातार शासन के समक्ष उठाया। इसी प्रयास का परिणाम है कि तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और धार्मिक पर्यटन के साथ क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

## पदोन्नति पर एसपी ने लगाए सितारे



**बड़वानी, (नवभारत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी आदेश के परिपालन में बड़वानी जिले में पदस्थ 41 सहायक उप निरीक्षकों (एएसआई) को पदौन्नत कर उप निरीक्षक (एसआई) बनाया गया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल एवं एएसपी धीरज बब्बर ने पदौन्नत जनसम्पर्क अधिकारी सहायक उप निरीक्षक असद खान को उप निरीक्षक पद पर पदौन्नत होने पर स्टार लगाकर सम्मानित किया गया।

पदौन्नति प्रत्येक पुलिसकर्मी की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं का सम्मान है। यह केवल पद में परिवर्तन नहीं, बल्कि दायित्वों एवं उत्तरदायित्वों में वृद्धि का प्रतीक है। पदौन्नत अधिकारी अपने अनुभव, कार्यकुशलता और अनुशासन का उपयोग करते हुए आमजनों को और बेहतर सेवाएं प्रदान करें तथा विभाग की गरिमा एवं जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाएं। पदौन्नति पर एएसपी धीरज बब्बर ने भी नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी असद खान को बधाई दी।

## आदिवासी कोतवाल समाज संगठन की बैठक



**निवाली, (नवभारत)।** नगर में 19 जुलाई 2026 को आदिवासी सामुदायिक भवन सेंधवा में आदिवासी कोतवाल समाज संगठन जिला बड़वानी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता, संगठन की मजबूती और समाज के उज्ज्वल भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला स्तरीय नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। साथ ही आगामी विश्व आदिवासी दिवस को समाज की संस्कृति, परंपरा, गौरव और एकता के साथ किस तरह भव्य एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाए। इस विषय पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई। नवीन जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष सुनील सेनानी, सचिव प्रेम चौहान, महासचिव सुरेश किराड़े, तेलसिंह वास्कले, उपाध्यक्ष राजेंद्र पिपलौदे, मंशाराम किराड़े, संगठन मंत्री मुकेश गोयल, सायसिंग नरगावे, मीडिया प्रभारी उदय किराड़े, कमल बरड़े, कोषाध्यक्ष प्रेम पिपलौदे, सह-कोषाध्यक्ष, राजेश वास्कले प्रचार मंत्री दिलीप नरगावे, वाहरिया तिखले सभी पदाधिकारियों को नगर वासियों सहित जितेंद्र पीपलोदे, कमलेश पीपलोदे, राजाराम भालसे ने बधाई दी

## निवाली में निकाली विशाल ध्वज यात्रा

**निवाली।** इस वर्ष भी मोटी माता मंदिर में महाराष्ट्रीयन समाजजनों द्वारा मंगलवार सुबह 11 बजे हाथों में ध्वज लेकर नगर भ्रमण कर मोटी माता मंदिर तक ध्वज यात्रा निकाली गई। समाज के नगर अध्यक्ष गणेश शितोले ने बताया कि हमारे पूरे महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा नगर में अच्छी बारिश एवं सुख, शांति एवं अच्छे फसलों को लेकर मोटी माता मंदिर पर पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही मुख्य मार्ग से होकर खेतिया रोड़ पर स्थित मोटी माता मंदिर पर माता का श्रृंगार कर पूजा-अर्चना कर माता की आराधना की जाती है। गुड़िया रोड स्थित सातमाता मंदिर पर पूजा-अर्चना की जाती है। ईश्वर से अच्छी बारिश की कामना की जाती है।



## एसपी ने सुनी आमजनों की समस्या

**बड़वानी।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में मंगलवार को जनसुनवाई हुई। एसपी ऑफिस में हुई जनसुनवाई में भूमि विवाद, लड़ाई-झगड़ा, धोखाधड़ी संबंधी मामलों की 3 शिकायतें आई। एसपी ने प्रकरणों का गंभीरता से परीक्षण किया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से दूरभाष पर चर्चा कर प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध एवं विधिसम्मत निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व की जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया, डीएसपी निलेश्वरी डावर, शिकायत शाखा निरीक्षक विनोद बघेल, निरीक्षक सुनीता मंडलोई व अन्य मौजूद थे।

# आलीराजपुर/झाबुआ

### एक नजर में

## कलेक्टर माथुर ने की तैयारियों की समीक्षा



**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 23 जुलाई को प्रस्तावित चंद्रशेखर आजाद नगर(भाबरा) में बलराम कृषि महोत्सव एवं अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक अपने-अपने कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे एवं सभी कार्यक्रमों का सफल, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण आयोजन हो सके। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, मंच निर्माण, चिकित्सा सुविधा, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार कार्य करते हुए सभी व्यवस्थाओं का पूर्व परीक्षण भी सुनिश्चित करे, जिससे कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा विभागों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखते हुए प्रत्येक व्यवस्था को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम,अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास सहित सभी विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

## सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज' के विजेताओं की घोषणा

इंदौर. बनारस में भक्तों की लगातार बढ़ती भीड़ के कुशल प्रबंधन, पैदल चलने की स्थितियों को बेहतर बनाने, गंतव्यों तक श्रद्धालुओं और आम लोगों की पहुंच को बेहतर बनाने के लिये इनोवेटिव मोबिलिटी और कुशल भीड़ प्रबंधन के सर्वोत्तम सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू किये गये 'सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज' वाराणसी के विजेताओं के नामों की घोषणा कर दी गयी है. वाराणसी नगर निगम के नेतृत्व में टोयोटा मोबिलिटी फ़ाउंडेशन (टीएमएफ़), चैलेंज वर्क्स और डब्ल्यू आर आई इंडिया के सहयोग से शुरू किये गये 'सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज' में 'सिटीडेटा.एआई' और निप्पोन कोए के 'सिटीफ़्लो' तथा द अर्बनाइज़र के 'जनजात्रा' को विजेता के तौर पर चुना गया है. कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी शामिल हुए. टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के एग्जिक्यूटिव प्रोग्राम डायरेक्टर प्रसन्ना गणेश ने कहा आज जिन इनोवेटर्स को सम्मानित किया जा रहा है उन्होंने एक ऐतिहासिक शहर की चुनौतियों को इनोवेशन के अवसरों में सफलतापूर्वक परिवर्तित किया है. उनके समाधान अब सिर्फ़ शुरुआती विचार से आगे बढ़कर शहर के अधिकारियों को भीड़-भाड़ का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में मदद कर रहे हैं.

# सायला में आचार्य विजय जयरत्न सूरीश्वरजी ने किया नगर प्रवेश

### श्रद्धा-भक्ति के माहौल में किया गया स्वागत

**आलीराजपुर। सायला नगर में पूज्य आचार्यदेव विजय जयरत्न सूरीश्वरजी महाराज साहब का भव्य नगर प्रवेश श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। नगरवासियों एवं श्रीसंघ ने मंगल वाद्य, जयघोष और भावपूर्ण अभिनंदन के साथ आचार्य श्री का भव्य स्वागत किया। संपूर्ण नगर धर्ममय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया।**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आईएएस अधिकारी पक्षाल सेक्रेट्री जैन का भी श्रीसंघ द्वारा सम्मान एवं बहुमान किया गया। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, प्रांतीय पदाधिकारी एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने मंगल प्रवचन में पूज्य आचार्यदेव विजय जयरत्न सूरीश्वरजी महाराज साहब ने कहा कि चातुर्मास आत्मशुद्धि, कर्म निर्जरा, तप, जप, स्वाध्याय और धर्म आराधना का सर्वोत्तम अवसर है। इस पावन काल का सदुपयोग करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को आध्यात्मिक साधना के माध्यम से अपने जीवन को श्रेष्ठ, संयमित एवं संस्कारित बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएएस अधिकारी पक्षाल सेक्रेट्री जैन ने कहा कि जीवन में गुरु कृपा, गुरु वचनों का पालन तथा धर्म के प्रति अटूट आस्था ही सफलता और सही दिशा का आधार है। उन्होंने बताया कि गुरुजनों के आशीर्वाद, प्रेरणा और संस्कारों से ही उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन होने का आत्मविश्वास, शक्ति एवं उचित मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बैडिया ने बताया कि अपने उद्बोधन में पक्षाल सेक्रेट्री जैन ने सभी श्रद्धालुओं से विशेष आग्रह किया कि वे मध्यप्रदेश के बाग नगर स्थित पुण्यसम्राट श्री जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज साहब की पावन मौन साधना-भूमि पर अवश्य पधारें तथा उस दिव्य तपोभूमि के दर्शन एवं आध्यात्मिक अनुभूति का लाभ प्राप्त करें।

## तेजस कार्यशाला में युवाओं को मिला स्टार्टअप का मार्गदर्शन

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में शहीद क्रांतिकारी छितूसिंह किराड़ महाविद्यालय में आयोजित तेजस कार्यशाला में 200 से अधिक युवाओं ने भाग लेकर स्टार्टअप, उद्यमिता और स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम ने किया। वक्ताओं ने स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना, रोजगार सृजन और पलायन रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला में मुस्तफा हुसैन, आनंद रायकवार, सौम्यदीप धानी, पंकज भयडिया, श्याम पाटीदार एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक कैलाश माल ने स्टार्टअप नीति, उद्‌यम पोर्टल, स्टार्टअप इंडिया, बैंकिंग सहायता, एमएसएमई योजनाओं तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी दी। अंत में सेडमैप के कैलाश कर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन सुधीर जैन ने किया।




# 13 दुकानों को नहीं मिला हाईकोर्ट से स्टे

- नगर पालिका जल्द तोड़ेगी दुकानें, टेंडर प्रक्रिया होगी शुरू
- एक दर्जन से अधिक कारोबारियों ने लगाई है याचिका

**झाबुआ। नगर पालिका और व्यापारियों के बीच काफी समय से चल रहे 13 दुकानों को तोड़ने के विवाद में बड़ा फैसला आया है। उच्च न्यायालय ने दुकानों को तोड़ने पर रोक लगाने से इंकार कर दिया।**

दरअसल नगर पालिका द्वारा 13 दुकानों को तोड़ने के लिए टेंडर निकाला जा रहा था। इसे रुकवाने के लिए 13 व्यापारी न्यायालय की शरण में पहुंचे थे। इस मामले में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दुकानों को तोड़ने के आदेश दे दिए। कोर्ट ने कहा कि मैं लोगों को मरते नहीं देख सकता। इसके बाद अब नगरपालिका द्वारा जल्द ही इन 13 दुकानों को तोड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और इसके बाद दुकानें तोड़ दी जाएंगी। इसे लेकर मामला चर्चाओं में है।

### काफी समय से चल रहा था विवाद

नगरपालिका का कहना है कि ये दुकाने अवैध है और इन्हें हटाना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर व्यापारी अपनी दुकानों को बचाने के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। इसी कड़ी में वे हाईकोर्ट पहुंचे थे, लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली।

*फोटो 01 -* झाबुआ के बस स्टैंड की 13 दुकानों को लेकर हाईकोर्ट ने लिया निर्णय।

**एक नजर** जगन्नाथ रथयात्रा के समापन पर नीम चौक लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर प्रांगण में सुनाए प्रवचन

# मोबाइल में लाईव दर्शन के बजाय, मंदिर जाकर करे भगवान का दीदार . . .

**आलीराजपुर।** मनुष्य को हमेशा मन्दिर जाना चाहिए। आजकल व्यक्ति मोबाईल पर ही भगवान के लाईव दर्शन कर लेता है। उसे ऐसा लगता है कि मोबाईल पर दर्शन करने से भगवान के दर्शन हो गये है, जबकि भगवान के दर्शन मन्दिर में जाने से ही होते है। भगवान मन्दिर में अपने भक्त का रास्ता देखता है। आजकल बच्चें व महिलाएं पूरे दिन मोबाईल पर ही व्यस्त रहते है। मोबाईल से बौद्धिक व आध्यात्मिक विकास नही होता है। मोबाईल व्यक्ति को काम के लक्ष्य से हटाता है। जितना जरूरत हो उतना ही मोबाईल का इस्तेमाल करना चाहिए। भगवान जगन्नाथ के इसलिए बड़े नेत्र है कि वह भक्तों के सभी दुखों को देख सके।



जगन्नाथ भगवान के हाथों में उंगलीयां नही है, ताकि भक्त भगवान के गले लग सके। जगन्नाथ भगवान के चरण भी नही है। हर घर में शालीग्राम भगवान होना चाहिए। शालीग्राम भगवान की पूजा नित्य करना चाहिए। हमेशा धर्म से जुड़े हुए रहना चाहिए। उपरोक्त आशीर्वचन स्वामी वेंकटेशाचार्य जी महाराज, गादीपति वत्समठ चांदोद (वडोदरा) ने आलीराजपुर में रविवार को हुई 18वीं जगन्नाथ रथयात्रा के समापन पर नीमचैक लक्ष्मीनृसिंह मन्दिर प्रांगण पर श्रद्धालुओं को व्यक्त किये। पूज्य गुरूदेव ने जगन्नाथ रथयात्रा में सेवा देने वाले सभी सेवाधारीयों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया व इस जगन्नाथ रथयात्रा को सफल बनाने के लिए प्रषासन, पुलिस प्रषासन, यातायात प्रषासन, नगरपालिका, मीडिया व सम्पूर्ण हिन्दू समाज एवं सभी सहयोगीयों का आभार व्यक्त किया। सलोनी नंगवा?िया (माहेश्वरी) ने गुरूदेव के सम्मान में सुन्दर भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकान्त बाहेती ने किया व आभार धर्मेन्द्र सोमानी ने व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बे?िया ने बताया कि यात्रा का समापन 9 बजे हुए, इसके बाद महाआरती होकर, महाप्रसादी का वितरण हुआ। पूरा पाण्डाल श्रद्धालुओं

## डिप्टी कलेक्टर ने की जनसुनवाई 34 लोगों ने आवेदन किए पेश

**आलीराजपुर।** कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई का आयोजन इस सप्ताह भी किया गया। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर निर्मला कलमे ने आमजन की समस्याएं सुनीं।

जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। डिप्टी कलेक्टर ने सभी आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान फटला फलिया ग्राम चांदपुर, आलीराजपुर की निवासी एक महिला ने आधार कार्ड में नाम संशोधन का आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उनका नाम रंजना भिंडे है, जबकि आधार कार्ड में नाम त्रुटिपूर्ण रूप से रंजीला दर्ज है। उन्होंने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व आधार कार्ड में संशोधन के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक सुधार नहीं हो सका है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।